

मूल्य रु. ५-००

श्री स्वामिनारायण

मासिक

प्रकाशन दिनांक प्रत्येक महिने की ११ तारीख • सलंग अंक १४३ • मार्च-२०१९

मूली मंदिर में वसंत पंचमी समैया

प्रकाशक : श्री स्वामिनारायण मंदिर अहमदाबाद-३८०००१.

(१) द्रोन्द मंदिर के शताब्दी पाटोत्सव अवसर पर ठाकुरजी का पूजन करते तथा सभा में प.पू. लालजी महाराजश्री के सानिध्य में श्री नरनारायणदेव युवक मंडल के युवक. (२) मेहसाणा मंदिर के शताब्दी पाटोत्सव अवसर पर ठाकुरजी का अभिषेक करके और सभा में आशीर्वाद देते हुए प.पू. महाराजश्री. (३) जामफलवाडी मंदिर पाटोत्सव अवसर पर ठाकुरजी का अन्नकूट दर्शन. (४) बिहार मंदिर के पाटोत्सव अवसर पर सभा में आशीर्वाद देते हुए प.पू. लालजी महाराजश्री. (५) डिसोदर में पाटोत्सव अवसर पर ठाकुरजी अभिषेक करते हुए संत और बाल शिबिर के अवसर पर प.पू. लालजी महाराजश्री का पूजन करते यजमान परिवार.

श्री स्वामिनारायण

श्री नरनारायणदेव पीठस्थान मुखपत्र
वर्ष - १२ ● अंक : १४३
मार्च-२०१९

संस्थापक
श्री नरनारायणदेव पीठाधिपति
प.पू.ध.धु. आचार्य महाराजश्री १००८
श्री तेजेन्द्रप्रसादजी महाराजश्री
श्री स्वामिनारायण म्युजियम
नारायणपुरा, अहमदाबाद.
फोन : २७४९९५९७ ● फोक्स :
२७४१९५९७
प.पू. मोटा महाराजश्री के संपर्क के लीए
फोन : २७४९९५९७
www.swaminarayanmuseum.com

श्री नरनारायणेदव पीठाधिपति
प.पू.ध.धु. आचार्य १००८
श्री कोशलेन्द्रप्रसादजी महाराजश्रीकी
आज्ञा से
तंत्रीश्री
स.गु. शास्त्री स्वामी हरिकृष्णदासजी (महंत
स्वामी)

पत्र व्यवहार
श्री स्वामिनारायण मासिक कार्यालय
श्री स्वामिनारायण मंदिर कालुपुर,
अहमदाबाद-३८० ००१.
मो. ८२३८००१६६६
मो. ९०९९०९८९६९
magazine@swaminarayan.in
www.swaminarayan.info

पतेमें परिवर्तन के लिये
E-mail : manishnvora@yahoo.co.in
मूल्य - प्रति वर्ष ५०-०० ● प्रति कोपी ५-००

अ नु क्र म णि का

०१.	अस्मदीयम्	०४
०२.	प.पू.ध.धु. आचार्य महाराजश्री के कार्यक्रम की रुपरेखा	०५
०३.	तोरणा के रणछोड भगत	०६
०४.	धर्मपुत्र का ध्यान करे	०८
०५.	प.पू.ध.धु. आचार्य महाराजश्री के आशीर्वचन में से	१०
०६.	नारणपुरा (अहमदाबाद) मंदिर संकल्प मूर्ति श्री घनश्याम महाराज का भव्य और दिव्य रजत जयंती महोत्सव	१३
०७.	कुमकुम का चाँदला	१९
०८.	श्री स्वामिनारायण म्युझियम के द्वार से	२०
०९.	सत्संग बालवाटिका	२२
१०.	भक्ति सुधा	२४
११.	सत्संग समाचार	२६

अस्मदीयम्

हमारा देश आज कल पाकिस्तान प्रेरित आतंकवाद के सामने लड़ रहा है। अभी १४ फरवरी को कश्मीर के पुलवामा में हमारे ५० जितने सैनिक आतंकवादी हमला में वीरगति को प्राप्त हुए है। विश्व के कई देशो ने इस घटना की भर्त्सना किये है। हम सब अपने देश के साथ है। हमारे देश के प्रधान मंत्रीने जवानो के बलिदान का एक बूंद भी व्यर्थ नही जायेगा। इसका बदला अवश्य लिया जायेगा और शीघ्रातिशीघ्र लिया जायेगा। और २६-२-१९ के दिन हमारे वीर जवान-कमान्डो ने रात्रि ३ बजे पाकिस्तान में घुसकर आतंकवादियो के अड्डे का नाश किया। हमारे प.पू.ध.धु. आचार्य महाराजश्रीने अपने शहीद जवानो के परिवार के लिये कालुपुर मंदिर की तरफ से १५ फरवरी को त्वरित पच्चीस लाख का चेक सैनिक फंड में जमा कराये है। उसी प्रकार अपना आई.एस.एस.ओ. की अच्छी रकम तथा अपने छोटे-बडे मंदिरो से फंड इकट्ठा करके प.पू.ध.धु. आचार्य महाराजश्री के आज्ञा से शहीदो के परिवार के लिये दिया गया है। हम लोग तो अपने बड़े उत्सवो में अन्नकूट प्रसाद, फल इत्यादि शाहीबाग मिलीट्री कैम्प में प.पू. लालजी महाराजश्री और पू.श्रीराजा स्वयं कैम्प में जाकर देते है। यह सेवा श्रीजीमहाराज के समय से प्रवृत्ति चलती है।

सर्वोपरि श्री स्वामिनारायण से हम सभी प्रार्थना करे कि आतंकवाद का शीघ्रातिशिघ्र अंत आये। और समस्त विश्व सुख-शांति से रहे।

प.पू.ध.धु. आचार्य महाराजश्री, प.पू. बड़े महाराजश्री, प.पू. लालजी महाराजश्री तथा समस्त संत और हरिभक्त हमारे देश के जवानो की आत्मा को शांति और मिले तथा आत्मा को परमकृपालु श्री स्वामिनारायण भगवान निजधाम में रखे। तथा परिवार वालो को धैर्य और बल दे। और समस्त देश में शांति आये ऐसी प्रभु के चरणो में वंदना करे।

संपादकश्री (महंत स्वामी)
शास्त्री स्वामी हरिकृष्णदासजी का
जयश्री स्वामिनारायण

प.पू.ध.धु. आचार्य महाराजश्री के कार्यक्रम की रुपरेखा

(फरवरी-२०१९)

१	कुहा श्री स्वामिनारायण मंदिर पाटोत्सव-शाकोत्सव अवसर पर आगमन।
३	श्री स्वामिनारायण मंदिर नारदीपुर पाटोत्सव अवसर पर आगमन।
६	मेडा गाँव में सत्संग सभा में आगमन।
७	श्री स्वामिनारायण मंदिर लीलापुर (मूलीदेश) मूर्ति प्रतिष्ठा के अवसर पर आगमन।
८	श्री स्वामिनारायण मंदिर ऊँझा मूर्ति प्रतिष्ठा अवसर पर आगमन।
९	श्री स्वामिनारायण मंदिर पोरडा (कठलाल) मूर्ति प्रतिष्ठा पर आगमन।
१०	श्री स्वामिनारायण मंदिर मूली पाटोत्सव और वसंतोत्सव-रंगोत्सव अवसर पर आगमन।
११	श्री स्वामिनारायण मंदिर ट्रेन्ट शताब्दी पाटोत्सव महोत्सव पर आगमन।
१२	श्री स्वामिनारायण मंदिर उवारसद पाटोत्सव कथा पर आगमन।
१३-१४	श्री स्वामिनारायण मंदिर नाना आगिया (कच्छ) मूर्ति प्रतिष्ठा अवसर पर आगमन।
१५	श्री स्वामिनारायण मंदिर नारणपुरा संकल्प मूर्ति श्री घनश्याम महाराज रजत जयंती पाटोत्सव महामहोत्सव प्रसंग पर आगमन।
१६	श्री स्वामिनारायण मंदिर बिजापुर पाटोत्सव अवसर पर आगमन।
१८	श्री स्वामिनारायण मंदिर अंजली (अहमदाबाद) पाटोत्सव पर आगमन।
२०	श्री स्वामिनारायण मंदिर झूंडाल मूर्ति प्रतिष्ठा अवसर पर आगमन।
२१	श्री स्वामिनारायण मंदिर मेहसाना दशाब्दी पाटोत्सव पर आगमन।
२३	श्री स्वामिनारायण मंदिर नारायणघाट पाटोत्सव पर आगमन।
२५	श्री स्वामिनारायण मंदिर भाउपुरा पाटोत्सव पर आगमन।
२६	श्री स्वामिनारायण मंदिर सापावाडा पाटोत्सव पर आगमन।
२८	श्री स्वामिनारायण मंदिर कुबडथल पाटोत्सव पर आगमन।

प.पू. लालजी महाराजश्री के कार्यक्रम की रुपरेखा

(फरवरी-२०१९)

३	दियोदर (बनासकांठा) श्री स्वामिनारायण मंदिर पाटोत्सव-कथा अवसर पर आगमन।
४	श्री स्वामिनारायण मंदिर पोरडा भाटेरा मूर्ति प्रतिष्ठा अवसर पर आगमन।
९	श्री स्वामिनारायण मंदिर ट्रेन्ट शताब्दी पाटोत्सव अवसर पर आगमन।
१०	श्री स्वामिनारायण मंदिर मूली वसंत पंचमी के समैया पर आगमन।
१२	श्री स्वामिनारायण मंदिर नारणपुरा रजत जयंती महोत्सव पर आगमन।
१३	श्री स्वामिनारायण मंदिर टोरडा पाटोत्सव पर आगमन।
१७	श्री स्वामिनारायण मंदिर मेहसाणा दशाब्दी पाटोत्सव अवसर पर आगमन।
२२	हर्षद कोलोनी पाटोत्सव अवसर पर आगमन।
२४	राजपुर गाँव में आगमन।
२६	श्री स्वामिनारायण मंदिर विहार पाटोत्सव अवसर पर आगमन।

તોરણાના રણછોડ ભગત

- साधु पुरुषोत्तमप्रकाशदास (जेतलपुरधाम)

वचनामृत शास्त्र के अन्दर लोया प्रकरण के ६ में स्वयं श्रीजीमहाराजजी कहते है कि ''जिस शास्त्र में भगवान का सगुण प्रतिपादन नही हुआ हो तथा भगवान के अवतार का निरुपण न हुआ हो । और जो ग्रंथ शुद्ध वेदांत न हो तथा जो ग्रन्थ विद्वान लिखे हो इस तरह के ग्रन्थ को कभी नही पढना चाहिए तथा सुनना भी नहीं चाहिए । और यदि रणछोड जैसे भक्त के कीर्तन ही है तथा भगवान की मूर्ति का वर्णन हो उसे ही गाना और सुनना चाहिए । इसी प्रकार के ग्रन्थ हो उसे पढना और सुनना चाहिए ।(लोया प्र.-६)

ये रणछोड भक्त कौन है ? किस समय में पैदा हुए थे ? और उनके लिखे हुए भजन कैसे है । जिसकी प्रशंसा भगवान स्वयं किये ऐसे भक्त के जीवन के बारे में कुछ जाने ।

रणछोड भगत का आश्रम खेडा जिले के कपडवंज तालुका के तोरण गांव में हुआ था । लेकिन रणछोड भगत का जन्म स्थान तोरण में नही वहाँ से ६.५ कि.मी. दूर आये खड़ाल गाँव में हुआ था । जिसका उल्लेख अपने काव्य में किये है ।

"खरी दया ने खडाल गाम, नरसई सुतनुं रणछोड नाम"

(ब्रह्म स्तुति)

भगत जाति से खड़ायता बनिया थे । भक्त हो जाने से भगत उप जाति हो गये । इनके पूर्वजो का उपनाम महेता थे । पिताजी का नाम नरसिंह महेता था । खडाल गाँव में रणछोड भगत जीवन व्यापारी बनिया थे । साथ ही साथ भजन का व्यापार भी था । स्वयं वैष्णव धर्म वाले थे । डाकोर के रणछोडजी के अनन्य भक्त प्रति पूर्णिमा के दिन डाकोर पैदल जाते थे । उनका अधिकतम जीवन खडाल गाँव में बीता था । वही पर रहकर काव्य-भजन की रचना की थी । भगत को खडाल को छोडकर तोरणा क्यो आये । उसकी एक कारण युक्त अवसर माना जाता है ।

रणछोड भगत खडाल गाँव में गोपाल महेता की गली में व्यापार और पैसे लेने-देने का कार्य करते थे । लेकिन उनकी साख एक भगत की थी । एकबार विधवा औरत को गाँव से बाहर जाना पडा । औरत के पास गहनो का डिब्बा (दाबडा) था । वह उसे सम्भालने के लिये रणछोड भगत के पास आयी । भगत से बोली ''मैं बाहर गाँव जा रही हूँ । आप इस गहने के डिब्बे को सम्भालियेगा, जब मैं वापस आऊगी तब इसे ले जाउगी'' भगत उस समयपूजा करने बैठे थे । वह बैठे ही बैठे बोले ''उस पटरी पर रख दो'' औरत ने डिब्बा को पटरी पर रख दी और चली गयी । भगत आँख बंद करके ध्यान करने लगे । भगत के घर के सामने एक सोनी रहते थे । भगत को ध्यान में बैठे देख कर उसको मन चंचल हो गया वह घर में जाकर डिब्बा उठा ले गया । घर में लाकर गोबर के ढेर में छिपाकर अपने काम मे लग गये । डुआ ऐसा कि वह औरत बाहर जाने का कार्यक्रम निरस्तकर दी । स्वाभाविक है वह अपना गहनो का डिबा वापस लेने आई । भगत वही से बैठ-बैठे बोले

कि जहाँ रखी हो वहाँ से ले लो । औरत पटरी देखी तो वहाँ डिब्बा नही था । वह भगत से बोली ''मेरा डिब्बा वहीं नही है'' भगत आश्चर्य चकित हो गये । डिब्बा कहा गया ? औरत गुस्से में आ गई । भगत को चोर मान बैठी । खड़ाल के दरबार मियाँ मकवाणा से शिकायत की । दरबार सच्ची बात बताने के लिये चेतावनी दी तथा जेल भेजने की धमकी भी दी थी । भगत स्वयं निर्दोष होने की बात कहे तथा श्रीरणछोडरायकी प्रार्थना करके सहायता माँगे । तत्काल भगवान साधु के भेष में वहाँ आये । और दरबार से बोले सहीचोर तो सोनी है और भगत निर्दोष है । वह बताकर वह अदृश्य हो गये । दरबार भगत से माफी मांगे । लेकिन भगत संसार से उदासीन हो गये तथा बैरागी बन गये । अब तो मुझे डाकोर के ठाकुर के दरबार में रहना है और कही नही रहना है । ऐसा निर्णय करके खडाल छोडकर डाकोर जाने के लिये तैयार हो गये । रास्ते में तोरण गाँव आया । वहाँ के प्रेमी भक्तो का रणछोड भगत के साथ लगाव था । उन लोगो के आग्रह से एक रात रुके । उसी रात में भगत के सपने डाकोर के ठाकुरजी दिखाई दिये । और बोले ''तोरणा में एक जगह पर (वर्तमान में वहाँ पर मंदिर है) मेरी मूर्ति है । जमीन में सेनिकाल कर हमारी प्रतिष्ठा करवाना हमारी सेवा और पूजा करना । ऐसी आज्ञा दिये । पहले तो सपना माने लेकिन फिर सपना आया । प्रातः सभी पटेलो को एकत्र किये । खुदाई करने पर वहाँ से श्री लक्ष्मीनारायण, हनुमानजी और गरुडजी की प्रतिमा प्राप्त हुई । सभी लोग भाव विभोर हो गये । गाँव के लोग तोरणा में ही डाकोरजी की स्थापना करने के लिये जमीन तथा अन्य खर्च देने का निश्चय कर दिया गया । लोगो के आग्रह तथा प्रभु आज्ञावश रणछोड भगत तोरणा में रहने के लिये तैयार हुए और श्री रणछोडरायजी का सुंदर मंदिर बनाया गया जो आज भी मौजूद है।

रणछोड भगत के जीवन में अन्य दूसरे भी कई प्रसंग है । जिस में भगवत्कृपा चमत्कार हुए है । जैसे डाकोर के मंदिर के द्वार का खुल जाना । भगत के पुत्र नारायणदास और कृष्णदास के विवाह का खर्च भगवान स्वयं आकर दे गये थे । द्वारिका मंदिर के चददर को जलने पर बुझा दिये थे । ऐसे कई प्रसंग भगत के जीवन में घटी थी ।

रणछोड भगत द्वारा रचित पदो की संख्या सैकडो है । ये कृष्ण भक्ति से भरे है । श्रीकृष्ण के जीवन व्यक्तित्व के लीलाओ को विषय बनाकर उनके पद, भजन, ढोल, रास, थाल, आरती, स्तुति की रचना किये थे । उसमें ''वसंत के पद'', ''शणगार के थोल'', ''दान के पद'', ''अमृत फलना धोल'', ''हिंडोला ना पदो'', ''जन्माष्टमी की बधाई'', ''श्री राधिकाजीकी बधाई'', ''रास के पद'', ''वृन्दावन महात्म'', ''स्त्रोत'', ''बारमासी'', ''स्नेहलीला'', ''गोवर्धन ओच्छव'', ''वणुगी'',''राधा-विवाह'',''रणछोडजी का गरबा'', ''राधिका की रासवाणी'', ''चातुरी'', ''रास पंचाध्यायी'' और ''कृष्णजीवन की महिमा'' जैसी विशेष कृतियाँ है । ये ज्ञानी भी भक्त थे । उन्होने 'केवल रस', ''प्रभात स्तवन'', ''कक्को'', ''चेतामणि-शिक्षाअंग'', ''करमाना दोहरा-शिक्षा अंगणी'', ''मनुष्य देह की महिमा'', ''ताजणा'' (साटका चाबखा) नामक कृति ज्ञानमार्गी तथा वैराग्य उपदेशक कविता है । अन्य अऴतारपरक ''दशावतार लीला'', ''सीतावेल'', ''रामायण के प्रसंग बिदुर का प्रसंग'', ''राम जन्म बधाई''स ''ब्रह्मस्तुति'', ''भक्त विरदावली'', ''नाचिकेताख्यान'' इत्यादि रचना भी प्रसिद्ध है।

रणछोड भक्त के समकालीन भक्त द्वारकादासने उनके बारे में लिखे है । ''जुनागढ के नरसई नागर, तेनो तु अवतार'', ऐसे रणछोड भक्त के काव्यो में नरसिंह महेता की झलक दिखाई देती है।

तोरणा के रणछोडराय मंदिर की गद्दी के उपर आज भगत वंश के 'बलदेवदास'जी महंत है । जिसे लोग 'भगतजी' प्यारे नाम से जाने जाते है । उन बलदेवदासजीने 'रणछोड भक्त की वाणी' नामक पुस्तक के पाँच भाग प्रकाशित किये है । जिस कारण से रणछोड भगत द्वारा रचित पद आज भी अपने पास है । रणछोडरायजी की मूर्ति आज भी तोरणा गाँव में बिराजमान है । लोग रणछोडरायजी की पूनम में लोग आते है । भगवान उनकी मनोकामना पूर्ण होती है।

(पेईज नं. १२)

धर्मपुत्र का ध्यान करे

- शास्त्री स्वामी निर्गुणदासजी (अमदावाद)

श्रीधर्मसद्मन्यवतीर्य विष्णुर्यो वासुदेवो हरिकृष्ण ईशः ।
श्रीनिलकण्ठोऽत्रपुनाति मर्त्यान् ध्यायेहरिं तं हृदि धर्मपुत्रम् ॥१॥
यस्य स्वरुपे तिललक्षणानि स्वभक्तचेतांसि हरन्ति यद्वत् ।
अयांसिचाकर्षमणिप्रवेका ध्यायेहरिं तं हृदि धर्मपुत्रम् ॥२॥
यस्याक्षरे धाम्नियत्प्रसक्ताः क्रीडन्ति दिव्येऽक्षरसंज्ञमुक्ताः ।
सम्राट्तनुजा इवसर्व मान्या ध्यायेहरिं तं हृदि धर्मपुत्रम् ॥३॥
यस्यायस्यपद्मेऽद्भुतभूरिशोभे वसन्ति नेत्रभ्रमरा जनानाम् ।
हंसायथा मानसपद्मवृन्दे ध्यायेहरिं तं हृदि धर्मपुत्रम् ॥४॥
यः पोषयत्यत्र निजान स्वकीयज्ञानोपदेशेन सुधोपमेन ।
वत्सान् सुशिला पयसा यथा गौः ध्यायेहरिं तं हृदि धर्मपुत्रम् ॥५॥
पाखण्डधर्माद्युदयेन यस्य शाक्ताः व्यलीयन्त यथोदितेऽर्के ।
घूका वृषद्वेषिण एव चान्ये ध्यायेहरिं तं हृदि धर्मपुत्रम् ॥६॥
यत्पादपमेऽक्षरमुक्तचेतो भृगां रमन्ते सरसीवमीनाः ।
आसेव्यमाने भुवि भूरिभक्तैः ध्यायेहरिं तं हृदि धर्मपुत्रम् ॥७॥
यदीयसौन्दर्यगुणादिपारं शेषादयो यान्ति यस्य भक्ताः ।
वांच्छन्तिनाप्यक्षरसौख्यमन्तः ध्यायेहरिं तं हृदि धर्मपुत्रम् ॥८॥

स्त्रग्धरावृत्तम् ॥

गोपालानन्दनाम्ना रचितमतिशुभंत्वष्टकं सन्मयेदं प्रीत्यै श्री धर्मसूनोः प्रगटभगवतः स्वामिनारायणस्य ।
तन्महात्म्यावबोधं य इदमिह जनः श्रावयेत्कीर्त्तयेदवा स स्यादवै ब्रह्मरुपः हरिरतुलमुदं चाप्नुयात्तत्र धार्मिः ॥९॥

भगवान श्री स्वामिनारायण के हृदय की बात समझ कर उसी अनुसार सम्प्रदाय में उसी तरह उपासना, ज्ञान का प्रवर्तक यदि कोई है तो वह अक्षरमूर्ति सद्गुरु गोपालानंद स्वामी है । जिन्होने श्री स्वामिनारायण भगवान को और इस सम्प्रदाय को और दोनो आचार्यो की देखभाल का अनुसंसा की थी । स्वामीश्री जगत में आत्यन्तिक मोक्ष की ईच्छा वाले सभी जीव मात्र को अपने हृदय में ध्यान करने वाला स्वरुप है । तो वह साक्षात् धर्मदेव के पुत्र स्वरुप इस कलियुग में मनुष्य शरीर धारण करके प्रगट प्रमाण पृथ्वी पर विचरण करते हुए भगवान श्री स्वामिनारायण की दिव्य मूर्ति ही है । और उन मूर्तियो की कैसी अलौकिक प्रताप है । उसे समझने के लिये स्वामीजीने जिस प्रकार से श्रीहरि का प्रताप और ऐश्वर्य है । उसका वर्णन करने के लिये एक सुंदर उपजाति छन्द में संस्कृत भाषा में मधु अष्टक की रचना किये है । उसका सरल अर्थ समझने के लिये प्रयत्न करना आवश्यक है । तो इसे देखे कैसा मधुर है ।

श्रीधर्मसद्मन्यवतीर्य विष्णुर्यो वासुदेवो हरिकृष्ण ईशः ।
श्रीनिलकण्ठोऽत्रपुनाति मर्त्यान् ध्यायेहरिं तं हृदि धर्मपुत्रम् ॥१॥

इस भयानक कलियुग में छपैया गाँव के निवासी जो धर्मदेव हरिकप्रसाद विप्र के घर प्रगट हुए है । वे साक्षात् विष्णु है । वासुदेव है । हरिकृष्ण है । ईश्वर । श्री नीलकंठ है । ये पाँचो विशेषण देकर स्वामीने सभी अवतारो के अवतार और सर्वत्र व्यापक अनंत कोटि ब्रह्मांडो की उत्पत्ति स्थिति और पालन करने वाले परम ब्रह्म परमात्मा सभी कारणो के कारण ऐसे परमब्रह्म परमात्मा भगवान श्री कृष्ण पुरुषोत्तम नारायण है । फिर भी सभी जीव प्राणी का हित करने के लिये तथा मोक्ष प्रदान करने के लिये मानव शरीर धारण करके विचरण करते है । वे धर्मदेव के पुत्र श्रीहरि भगवान श्री स्वामिनारायण का में अपने हृदय से स्मरण चिन्तन रुप का ध्यान करता हूँ ।(१)

यस्य स्वरुपे तिललक्षणानि स्वभक्तचेतांसि हरन्ति यद्वत् ।
अयांसिचाकर्षमणिप्रवेका ध्यायेहरिं तं हृदि धर्मपुत्रम् ॥२॥

भगवान श्रीहरि द्वारा धारित मानव देह में जैसे चुम्बक लोहे के पर्थ को खीच लेता है, उसी प्रकार अपने सभी भक्तो को जो दर्शन करता हे उसका मन अपनी तरफ आकर्षित कर लेते है । ऐसे शरीर में श्रीहरि तिल के प्रतीक, और लाख प्रतीक धारण किये है । भगवान को पहचानने वाले शास्त्रो में वर्णित प्रतीक चरणारविंद के सोलह प्रतीक के उपरांत शरीर के उपर कई सामुद्रिक शास्त्र में वर्णित सभी प्रतीक मिलते है । ऐसे धर्मदेव के पुत्र श्रीहरि भगवान श्री स्वामिनारायण का में हृदय से स्मरण चिन्तन रुप का ध्यान करता हूँ ।(२)

यस्याक्षरे धाम्नियत्प्रसक्ताः क्रीडन्ति दिव्येऽक्षरसंज्ञमुक्ताः ।
सम्राट्तनुजा इवसर्व मान्या ध्यायेहरिं तं हृदि धर्मपुत्रम् ॥३॥

अक्षरधाम ऐसे नाम जैसा जिसका धाम है । वह सभी धामो से अळग है । इस अक्षरधाम की तुलना किसी धाम से नही की जा सकती है । इस अक्षरधाम में जो भक्त श्रीहरि का आश्रय लेता है । इस दिव्य अक्षरधाम में गये भक्त का नाम अक्षरमुक्त जैसा होता है । उस धाम में गये भक्त क्या करते है वहाँ पर विराजमान परमब्रह्म

परमात्मा का द्विभुज दित्य सदा आकर स्वरुप की सदा सवर्दा सेवा रुपी क्रीडा क्रिया करके उसका रंजन करते है । उन अक्षर मुक्तो का सामर्थ कैसा है । जैसे चक्रवर्ती सम्राट के राजकुमार को सभी शासक सन्मान देते है । उसी प्रकार अक्षर मुक्त को को सर्व ब्रह्मांड के नियन्ता उत्पात स्थित प्रलय करने वाला अक्षर मुक्त को सन्मान देते है। उनकी सभी आज्ञा का पालन करते है। ऐसे धर्मदेव के पुत्र श्रीहरि भगवान श्री स्वामिनारायण का में हृदय से स्मरण चिन्तन रुप का ध्यान करता हूँ।(३)

यस्यायस्यपद्मेऽद्भुतभूरिशोभे वसन्ति नेत्रभ्रमरा जनानाम् ।
हंसायथा मानसपद्मवृन्दे ध्यायेहरिं तं हृदि धर्मपुत्रम् ॥४॥

भगवान श्री स्वामिनारायण का यह दिव्य मनुष्यधारी शरीर की शोभा ऐसी है कि उनके मुखारविंद को देखकर मनुष्य के नेत्रो के समान मानसरोवर में भौरे कमल की सुगंधलेने में मग्न हो जाते है । सभी देखने वाली आँखो स्थिर हो जाती है । ऐसे अद्भुत कमल की पंखुडी जैसी विशाल उनकी आँखे है । धर्मदेव के पुत्र श्रीहरि भगवान श्री स्वामिनारायण का में हृदय से स्मरण चिन्तन रुप का ध्यान करता हूँ।(४)

यः पोषयत्यत्र निजान स्वकीयज्ञानोपदेशेन सुधोपमेन ।
वत्सान् सुशिला पयसा यथा गौः ध्यायेहरिं तं हृदि धर्मपुत्रम् ॥५॥

जैसे सुरभि कामधेनु गाय अपने बच्चे को अमृत समान मीठे दूधको पिलाकर पोषण और रक्षण करती है। उसी प्रकार भगवान श्रीहरि स्वामिनारायण भी अपने आश्रित भक्तो का अपने ज्ञानोपदेस वचनामृत से सभी प्रकार का पोषण करके आन्तरिक शत्रुओ से उनकी रक्षा करते है । धर्मदेव के पुत्र श्रीहरि भगवान श्री स्वामिनारायण को मै हृदय में स्मरण प्रतीक के रुप ध्यान करता हूँ।(५)

पाखण्डधर्माद्युदयेन यस्य शाक्ताः व्यलीयन्त यथोदितेऽर्के ।
घूका वृषद्वेषिण एव चान्ये ध्यायेहरिं तं हृदि धर्मपुत्रम् ॥६॥

पृथ्वी पर जब सूर्योदय होता है। तब सब अंधेरा मिट जाता है। उसी प्रकार इस पृथ्वी पर इस भयानक कलियुग में स्वयं भगवान श्री स्वामिनारायण स्वरुप में साक्षात् विचरण करते है । उनके प्रभाव से दुष्ट कर्म करने वाले और धर्म का अपमान करने वाले दमभ और आडम्बर करन वाले भोली प्रजा को ढगने वाले पाखंडियो जीव हिंसा करने वाले माँस मदिरा का भक्षण करने वाले ऐसे अधर्मियो का अपन आप विनाश जिसने किया हो । ऐसे धर्मदेव के पुत्र श्रीहरि भगवान श्री स्वामिनारायण का मै हृदय में स्मरण चिंतन ध्यान करता हूं।(६)

यत्पादपमेऽक्षरमुक्तचेतो भृगां रमन्ते सरसीवमीनाः ।
आसेव्यमाने भुवि भूरिभक्तैः ध्यायेहरिं तं हृदि धर्मपुत्रम् ॥७॥

जिस प्रकरा सुगंधित फूलो के मध्य भौरे गुंजन करते है । वैसे ही अपने दिव्य अक्षरधाम में अक्षर मुक्त चारो तरफ उनके गुण और ऐश्वर्य की सदैव गीत गाते है। वे ही परमब्रह्म, परमेश्वर आज पृथ्वी के उपर मानव शरीर धारण करके विचरते है। और असंख्य एकान्तिक भक्त उनके चारो तरफ गुणगान एवम् सेवा में लगे रहते है। धर्मदेव के पुत्र श्रीहरि भगवान श्री स्वामिनारयण का में अपने हृदय में चिन्त ध्यान करता हूँ।(७)

यदीयसौन्दर्यगुणादिपारं शेषादयो यान्ति यस्य भक्ताः ।
वांच्छन्तिनाप्यक्षरसौख्यमन्तः ध्यायेहरिं तं हृदि धर्मपुत्रम् ॥८॥

स्वयं शेषजी साक्षात शारदा देवी माँ सरस्वतीजी भी उनके गुण एवम् ऐश्वर्य सौन्दर्य का पूर्ण वर्णन नहीं कर सकती है। जिस में अनन्त गुण आपार रुप सौन्दर्य का रसपान करते एकान्तिक भक्त दर्शन सेवा का सुख छोडकर अक्षरब्रह्म का सुख और वैभव की ईच्छा नही रखते है । उनके एकान्तिक भक्त किसी भी प्रकार का सुख या वैभव कभी नही चाहते है । ऐसे धर्मदेव के पुत्र श्रीहरि भगवान श्री स्वामिनारायण का में हृदय से स्मरण चिन्तन रुप का ध्यान करता हूँ।(८)

स्त्रग्धरावृत्तम् ॥

गोपालानन्दनाम्ना रचितमतिशुभंत्वष्टकं सन्मयेदं प्रीत्यै श्री धर्मसूनोः प्रगटभगवतः स्वामिनारायणस्य ।
तन्महात्म्यावबोधं य इदमिह जनः श्रावयेत्कीर्त्तयेदवा स स्यादवै ब्रह्मरुपः हरिरतुलमुदं चाप्नुयात्तत्र धार्मिः ॥९॥

अक्षरमुक्त सद्गुरु श्री गोपालानंद स्वामी कहते है कि मैं जो इस अष्टक की रचना किया है। यह केवल मात्र मनुष्य देहधारी प्रगट प्रमाण श्रीहरि धर्मदेव के पुत्र भगवान श्री स्वामिनारायण के केवल प्रसन्नता के लिए ये शुभ गुण युक्त और सबका मंगलकारी इस अष्टक की रचना किये है । श्रीहरि के अपार महिमा वाला यह अष्टक जो कोई मनुष्य श्रद्धा भक्ति पूर्वक श्रवण करेगा, गान करेगा, तो सर्व ब्रह्मरुप होगा और अक्षरमुक्त की पदवी प्राप्त करेगा । ब्रह्म रुप होकर परमब्रह्म परमेश्वर का अष्टक का गानश्रवण करेगा उसके उपर धर्दमवे के पुत्र श्रीहरि भगवान श्री स्वामिनारायण निश्चित रुपे अति प्रसन्न होगे । ९)

प.पू.ध.धु. आचार्य महाराजश्री के आशीर्वचन में से

संकलन : गोरधनभाई वी. सीतापरा (हीरावाडी-बापुनगर)

संसार में लोग कई उपदेश देते है । कोई कहता है ऐसा करो, वैसा करो, फलाना करो, ये सब करने में भगवान कही पर भूल जाते है । हमारी भगवान हमें कितना सरल मिले है । अपने भगवान - जाति-पाँति देखे बिना सभी को जीवन जीने के सच्चे मार्ग बताये तथा सभी को सुखी किये है ।

बडी कंठी पहनने से या बडा तिलक लगाने से भक्त बडा सत्संगी नही हो जाता है । कंठी और तिलक प्रतिकात्मक भक्त है । तिलक यह बताता है कि हमे कहाँ जाना है ? दर्पण के उपयोग से तिलक की शोभा बढती है । लेकिन दर्पण में स्वयं को देखना चाहिए । वह अच्छा होता है । दर्पण हाथ में लेकर यहा निश्चित कर सकते है कहाँ जाना है ।उसकी मोटाई या परिमाण देखना नही है । मस्तक पर तिलक टेढा हो जाये वह भगवान देख लगे हम किसी को दिखाने के लियेनही करते है तिलक करना महत्व की बात है । आज कल बच्चे बाल को सेट करन के लिये घंटो दर्पण के सामने बैठे रहते है । फैशन के लिये बहनो को क्यो बदनाम करते हो ? बहन भी सोचती होगी कि अब दर्पण समाप्त हो । पाटोत्सव के अवसर पर सोचे की हमारे जीवन में कितना बदलाव आया है ? पूरे दिन मंदिर में रहने से भगवान भी शायद यह जाये । लेकिन भगवान को भूलना नही चाहिए । हम लोग इस लिये सुखी है कि हमे भगवान मिले है । सत्संग की धरोहर मिली है । उसे बचाना पडेगा । इससे छूट नही सकते है ।

मंदिर जाने पर उस मंदिर में जो भाव आता है वह भाव वापस लाना चाहिए । अपन घर में भले ही सिंहासन पर छोटे भगवान ही हो । उनके लिये थोडा समय अवश्य प्रदान करे । लेकिन होता ऐसा है कि हम अपने घर वाले भगवान को किनारे कर दिये है । वटाई पर खेत दे दे तो हमें केत नही सम्भालना पडता है । उसे दूसरा सम्भाल लेता है । हम लोग बहनो को बोल देते है कि दिया कर देना और आरती कर देना । हमें ऐसा लगता है कि हम उपर से आये हो । ऐसा संसार में होता है । औरते पाँच बजे उठ जाती है । स्वयं का नित्य कर्म, ठाकुरजी को नास्ता, बच्चे विद्यालय जाते हो तो उनकी तैयरी उसमें हमे मदद कते हुए कोई देख ले तो वेईज्जती लगती है । इतना तो याद रखे करने बाला कोई और है । पद के पीछे रहकर करता है । इस कारण यहाँ तक आये है । लगाकर नही निकलते है ।

इस गाँव में (मेरा की मुवाडी) देशी नलिया का मकान है । उनके पूर्वजो ने इस गाँव को बसाया था । उन्होने घर पक्का नही बनाया । लेकिन देवताओ के स्थल पक्के बनाये थे । आप संसार का इतिहास देखे प्रारम्भ में कही पर पक्के मकान और मांल नही बतने थे । भगवानमिले और उनको रखा गया तो हमे इतना प्राप्त हुआ । नही तो कोई ठिकाना नहीं रता त माल के लिये भगवान को न रखे । लेकिन इतना याद रखे की भगवान के बिना कुछ नही हो सकता है । हम एक श्वास भी नही ले सकते है । रात में सो जाने पर श्वास कौन चालु रखता है । नदीं से श्वास लेना भूल जाये तो प्रात, उठ सकते है क्या ? अर्थात भगवान सुरक्षा देते है ।

१० X १५ के कमले में जो सुख मिलता है वह बंगला में नही आता । है । बंगले में जाकर वही सुखी हुए हे जिन्होने भगावन को रखा है यदि वहाँ पर भगवान नही है तो लोग बंगले में भी दुखी रहते है । यदी कम से पूरा हो जाये तो क्या तकलीफ करे है । बड़े बंगले में खर्च अधिक होता है अब ऐसा करे, ऐसी क्रिया मृत्यु तक चलती रहती है फिर भी पूरा नही होता है । यदी सत्य है ।

देश में भ्रष्टाचार खत्म होने वाला नही है । क्यो कि काम कराने के लिये लालच करना हमारी आदत बन गई है । हम हनुमान की के समझ एक चम्मच तेल से कितना संकल्प करते है । हनुमानजी हमें क्या दैनिक पर

रखे है ? भगवान के सामने संकल्प न करे ? भगवान का दर्शन करें। काम होगा ही। दुख आये तो भगवान के पास जाये उससे अच्छा है कि सुख के समय भगवान के पास जाये तो दुख नही आयेगा। यह सत्य है। लेकिन सत्य यह है कि हमे जोखम लेने की आदत बन गई है।

सब चाल चले। कोई चाल बाकी नही रखे। केवल तीन मास तक १ मिनट के लिये मंदिर में जाकर भगवान का दर्शन करे तत्पश्चात देखे आप। हो तो दुकान बंद कर दे।(मंदिर जाना) में लिखकर दे देता हूं कि आप का परिवार सुखी हो जायेगा। बच्चे-बच्चियों एवम् परिवार पर अच्छा प्रभाव पडेगा। सोचने में बदलाव आयेगा। क्योंकि हमारे मंदिर में भगवान साक्षात् है। इस लिये दर्शन के लिये जितना समय मिले उतना दे। मंदिर आप का है तथा आप को सम्भालना है।

भगवान के सच्चे भक्त को कभी किसी से माँगता हुआ हो ऐसा हमने नही देखा है। मैं किसी भक्त को सडक पर माँगते नही देखा है। हाँ बडा कार्यक्रम हो और गलत व्यक्ति माला-तिलक युक्त जेब काटे यह अलग बात है। क्योकि यह उसका व्यापार है। सच्चे भक्त जेब नही काटता है। स्वामिनारायण भगवानने कहा है कि मेरा आश्रित अन्न, धन, वस्त्र और सम्मान से कभी दुखी नही होगा। विचार करे इतनी गारंटी लेने के लिये कोई तैयार है ? कोई इतनी अनपे बच्चे की इतनी गारंटी नही लेता है। हां सम्पत्ति का वील (वसियनामा) दे सकता है। भगवान कहे है कि विश्वास रखो कार्य अवश्य होगा।

सुख अंदर और हृदय में होता है। मनुष्य का सर दर्द के सिवाय कुछ भी नही देती है। में किस अवस्था में सो जाता हूँ पून, उठ जाता हूँ। इसी में सुखी हूँ। क्योंकि सब कुछ भगवान के उपर छोड दिया है। अपनी शक्ति है ? कहाँ क्या लिखा है ? ये निश्चित है ? एक घिस गयेट स्टाम्पर को बंद करते समय यदि अंगुली में थोडी चोट लग जाये तो काफी देर तक दर्द करती है। कोई अमरतत्व नही लेकर आया है। इस लिये भगवान के उपर सदा विश्वास रखकर जीवन बिताये। केवल भगवान ही क्यो ? भगवान के सच्चे भक्तो के उपर भी विश्वास रखे। आपस का सभी भक्तो पर विश्वास रखे तथा प्रेम करे लगाव और गुण ग्राही बनकर अच्छे से जीये। दोष-गुण से कोई अलग नही है। इस लिये अपने में एक दूसरे का दोष देखे बिना लगाव रखे, भगवान को साथ में रखकर उन्नति प्रगति करे।

आप को छोटे पुत्र-पुत्री अथवा पोते-पोती आप को पात्र में जलभरकर दे तो आप को कैसा लगता है। यह ही भगवान का स्वरुप होता है। बड़े लोग बच्चो की अंगुली पकड कर मंदिर ले जाये उस में नही बल्कि ये बच्चे अपने बड़ो को अंगुली पकडकर मंदिर में ले जाये ते सत्संग की सार्थकता है।

मंदिर और सत्संग के लिये समय निकालना पड़ता है। समय किसी के पास नही होता है हमारे पास भी नही है। मजदूर को मजूदर का काम दे दे उसी प्रकार प्रबन्धक, आर्किटेक्ट या वकील को उनका कार्य उन्हे सौप दे समय मिलेगा। चालाक होकर वकील की फाईल लेकर कहे कि इसका निर्णय यह होगा तो हो पायेगा। इसलिये महाराज कहे है कि जो जिस कार्य योग्य हो उसे वही कार्य दे।

कई वर्षो पहले इसी सभा मंडप में (अहमदाबाद मंदिर) २०-२५ हरिभक्त बैठकर खरमास में भजन कर रहे थे। बाद में बड़े संख्या नियमित धून में बैठना शुरु कर दिये। अर्थात् संख्या बढने लगी। आज ये विशाल सभा संत हरिभक्तो की भीड से भर जाता है। इतने अधिक हरिभक्त विशाल संख्या में रजाई चादर छोडकर ठंड में धुन में लिये बैठ जाते है ? यह कोई सरल नही है। देव को पहचाने होगे तभी ये भजन करते है। निष्ठा और सत्संग मजबूत होना चाहिए। संसार में कई जगह पर सत्संग होता है। लेकिन देव के सानिध्य में भजन हो महत्वपूर्ण है।

महाराजने शाकोत्सव किया था ।उनके स्मृति में हम शाकोत्सव करते है। नकल नही करते है। संसार मे कई कार्यक्रम चलते है। हम किसी का नकारात्मक नही

कह रहे है। लेकिन सिद्धान्त की बात ये है कि दोनो गद्दी के अभी तक जो आचार्य हुए है । उन सभी की ऊगली भगवान के तरफ रही है। कामकम या अधिक हो सकता है । किसी आचार्यने अपने सिद्धान्त से समझौता नही किये। शाकोत्सव का सीजन नही होता है। सीजन बैगन का होता है इसलिये मेरा ये मानना है कि, शाकोत्सव जहाँ तक हो सके देव के सानिध्य में हो अधिक अच्छा और अनुकरणीय है। आने वाले वर्ष में देव के प्रांगण में बड़ा शाकोत्सव मनायेगे। वाहन बाहर रखियेगा। में भी अपनी गाड़ी बाहर रखूँगा। पार्किग न मिलने पर पैदल चल कर आऊगा। भगवानने तो पैर दिये है। उस कारण से थोडा चले वैसे कदम कदम चलने से अश्वमेधयज्ञ का फल मिलता है। क्योकि महाराज के सन्मुख चलना है।

शाकोत्सव का प्रसाद ग्रहण करते-करते इस देव (नरनारायणदेव) सुनते है । ऐसा विचार करे । ये रोटी देव देते है। नही तो हम सभी को एकनिवाला भी नही मिले । संसार में देखे तो ज्ञात होगा । हमारे यहाँ लम्बी लाईन लगी रहती है। केवल प्रसाद के लिये। प्रातः श्रृंगार आरती में देव को (अहमदाबाद मंदिर) फल रखा जाता है। जो आप को प्रसाद रुप में मिलता है। प्रसाद की एक महिमा है।

आप को भगवान को चढ़ाये गये तुलसी दल देते है तो आप कितना खुश हो जाते हो। हमें तो पाटोत्सव के दिन भगवान को स्पर्श करने का अवसर मिलता है । महाराज का बचन है कि पाटोत्सव, पूनम और एकादशी मनाय ाजाता है। पत्रिका नही चाहिए। देव है तो हम सभी है। इस लिये हम सबको भगवान देखते है। भगवान पुनः नही मिलेगे । इस लिये नरनारायण का सहारा नही छोडना है। सौ बात की एक बात देव को हृदय में बसाये रखे। तथा वारसागत मे दे।

देव में सम्पूर्ण श्रद्धा, विश्वास और निष्ठा रखे । वास्तव में यदि कल्याण होता होगा तो देव । नरनारायणदेव की शरण में जायेगे । किसी की शक्ति नही है कि कल्याण कर सके और श्राप दे सके । कई लोग नरक में भेजने का बीजा लेकर स्टेम्प लेकर बैठे है । वे दूसरे को श्राप देते है। ये स्वयं सम्भल के रहे ये बड़ी बात है । हम लोग तो देव के है । 'जेवा तेवा पण पुत्र तमारा अणसमझू अहंकारी हे.... ये नंद संतो के शब्द है। इस लिये देव का होकर रहेगे तो किसी का प्रभाव नही पडेगा।

अनु. पेईज नं. ७ से आगे

ऐसे महान भगवत्प्रेमी रणछोड भक्त का नाम सम्प्रदाय के शिरमौर शास्त्र वचनामृत में स्वर्ण अक्षरो में लिखा गया है । श्रीजीमहाराज जिस भक्त की रचना अपने मुख से कहे है वह प्रसाद बन जाता है।

सर्वावतारी श्रीहरि भक्त कवि रणछोडरायजी अगम वाणी को पूर्ण करने के लिये वि.स. १८६८ के साल में कठलाल से सत्संग-विचरण करते करते तोरणा गाँव में परमहंसो की मंडली लेकर आये थे। यहाँ के रणछोड भगत धाम में जाने से पहले अपने भक्तो से बोले थे कि भविष्य में जो भगवान प्रगट होगे वे मेरी गद्दी पर बैठेगे। इस लिये भक्त का वचन सत्य करने के लिये श्रीजीमहाराज उनकी जगह पर आये तथा रणछोडराय की गद्दी पर बिराजमान हुए। वहाँ पर उनके सेवकने कहा महाराज। महाराज ! आप भगत की गद्दी पर क्यो बैठे है ? श्रीजीमहाराज बोले हम भूल गये । रणछोड के भगत भगवान को पहचान नही सके। श्रीहरि मंदिर में सोने की मुहर मंदिर में दान किये थे। इस घटना को वर्तमान वंशज भगत अच्छी तरह से जानते है।

गाम तोरणामां मुक्तनाथ, धणा संत हरिजन साथ ॥
रणछोड भगतनी गादीपर, पोते बेठा छे श्याम सुंदर ॥

तोरणा गाँव अहमदाबाद से ५० कि.मी. दूर है। वहाँ पर श्रीहरि की प्रसादी की गद्दी का दर्शन होता है। वहाँ के सेवक भी जानते है कि यह आसन स्वामिनारायण भगवान की प्रसादी है।

नारणपुरा (अहमदाबाद) मंदिर
संकल्प मूर्ति श्री घनश्याम महाराज का भव्य और दिव्य
रजत जयंती महोत्सव

लेखन संकलन : डॉ. हर्षदभाई झिंझुवाडिया (अहमदाबाद)

सर्वावतारी परमब्रह्म पूर्ण पुरुषोत्तम ईष्टदेव श्री स्वामिनारायण भगवान की कृपा से एवम् श्री नरनारायणदेव पीठाधिपति प.पू.ध.धु. १००८ आचार्य महाराजश्री कोशलेन्द्रप्रसादजी महाराजश्री के आशीर्वाद आज्ञा से एवम् पूज्य बड़े महाराजश्री तेजेन्द्रप्रसादजी महाराज के शुभाशीष और अखंड सौ भाग्यवती लक्ष्मीस्वरुपा पूज्य गादीवालाश्री उसी प्रकार वात्सल्य मूर्ति पूज्य बड़े गादीवालाश्री के अंतर के आशीर्वाद के साथ प.पू. भावि आचार्यश्री व्रजेन्द्रप्रसादजी महाराजश्री के अध्यक्ष स्थान से श्री स्वामिनारायण मंदिर नारणपुरा (अहमदाबाद) रजत जयंती महोत्सव से २०७५ माधसुद-३ ता. ८-२-२०१९ माधसुद-१० ता. १५-२-२०१९ तक पूर्ण हुआ।

इस महोत्सव के अन्तर्गत की धार्मिक कार्यक्रम किये गये। जिसमें श्रीमद् सत्संगिजीवन सप्ताह पारायण ज्ञान यज्ञ श्रीहरि महाविष्णुयज्ञ, श्री स्वामिनारायण महामंत्र की अखंड धुन मंत्रजाप यज्ञ, ईष्टदेव श्री घनश्याम महाराज का दिव्य और भव्य पाटोत्सव श्रीहरिकृष्ण महाराज की सुवर्ण तुला विधिश्री वसंत रंगोत्सव, छप्पन भोग, अन्नकूट सर्वावातरी श्री स्वामिनारायण भगवान का महापुष्यभिषेक, प.पू.ध.धु. १००८ आचार्य महाराजश्री कोशलेन्द्रप्रसादजी महाराजश्री के कर कमलो द्वारा मंदिर में विराजमान संकल्पमूर्ति श्री घनश्याम महाराज का २५ वाँ रजत जयंती पाटोत्सव अभिषेक, मंदिर में विराजमान प्रत्येक देवताको प्रदिदिन अनेक फल मिठाई, सुखे मेवा, अन्नकूट के दर्शन, ब्राह्मण बटुक के यज्ञोपवीत सेवा यज्ञ इत्यादि किये गये । सामाजिक क्षेत्र में समूह लग्न, रक्तदान शिबिर, सर्वरोग निदान, दरिद्रनारायण को ब्रह्म भोज और प्रतिदिन सिविल अस्पताल में जनरल विभाग में १०० कि. से अधिक फल सेवा की जाती थी। निज मंदिर से ''श्री नरनारायणनगर'' तक दिव्य और दिव्य पोथीयात्रा और नगरयात्रा का सुंदर आयोजन, हिमालय दर्शन द्वारा श्री निरकंठवर्णी का सम्पूर्ण वन वीचरण दर्शन, प्रदर्शन द्वारा श्री स्वामिनारायण भगवान का सम्पूर्ण वनवीचरण दर्शन, प्रदर्शन द्वारा श्री स्वामिनारायण भगवान का सम्पूर्ण जीवन दर्शन, प्रत्येक दिन रात्रि सत्संग समाज के लिये संस्कार सत्संग और मनोरंजन कार्यक्रम ''सफाई वहाँ प्रभु'' विषय के उपर प्रेरणादायी जीवंत नाटक, भ्रूण हत्या के उपर भी संदेशात्मक नाटक, भाग्यवान प्रत्येक यजमान का यथोचित सन्मान, व्याखान माला द्वारा सम्प्रदाय का मूर्धन्य और बडे पूज्य संतो का सत्संग उद्बोधन, धार्मिक, राजकीय और सामायिक महानुभावो का उद्बोधन का आयोजन, महोत्सव में आये हुए। प्रत्येक पूजनीय संतो के लिये महाप्रसाद का अलग से आयोजन और प्रत्येक सत्संगी हरिभक्तो को प्रातः का नास्ता, दोपहर के बाद महाप्रसाद और रात्रि भोजन की सुंदर व्यवस्था थी।

इस महोत्सव में गुजरात के लोक प्रिय मुख्यमंत्री भाई श्री विजयभाई तथा उप मुख्य मंत्री श्री नितीनभाई पटेल भी उपस्थित रहे थे । इसके अलावा कई राजनायिक आये थे। गुजरात के अन्य धार्मिक स्थलो से संत-महंत आये थे। प.पू.ध.धु. आचार्य महाराजश्री की आज्ञा से स.गु. महंत शास्त्री हरिओम स्वामी सात वर्ष से यहां के मंदिर में ठाकुरजी की सेवा महंत पद रहकर कर रहे है । ये विगत दो वर्षो से इस रजत जयंती महोत्सव को सम्पूर्ण सफल बनाने के लिये रात्रि-दिन अधिक श्रम किये है। सभी शिखरबंधमंदिरो में संतो और समर्पित सेवक हरिभक्तो के साथ जाकर १२-१२ घंटे श्री स्वामिनारायण भगवान की महामंत्र की अखंड धुन उसी प्रकार श्री नारणपुरा मंदिर के पास अपने

स्वामिनारायण म्युजियम में भी १२ घंटे श्री स्वामिनारायण महामंत्र की अखंड धुन का आयोजन किये थे। इस के बाद नारणपुरा निज मंदिर से जेतलपुर मंदिर तक पदयात्रा का सुंदर भव्य आयोजन किये थे।

इस सम्पूर्ण महोत्सव के दरमियान अनेक प्रवृत्तियो में सर्व रोग निदान सेवा यज्ञ में औसत ५००० रोगियो को लाभ मिला। रक्तदान शिबिर में १०० बोतल रक्त, समूह लग्न में ३१ भाग्यवान नव दम्पति प्रसन्न दाम्यपत्य जीवन में प्रवेश किये। १२ ब्राह्मण बच्चो का यज्ञोपवीत संस्कार किया गया। इस महोत्सव में प्रतिदिन २० हजार सत्संगि हरिभक्त भोजन प्रसाद ग्रहण करते थे।

इस महोत्सव के अन्तर्गत अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रम का सुंदर आयोजन किया गया। जिस में महिला मंच के दिन पूज्य अ.सौ. लक्ष्मीस्वरुप गादीवालाश्री भी की पावन उपस्थिति के साथ साथ मध्यप्रदेश के महामहिन राज्यपालश्री आनंदीबेन पटेल भी उपस्थित रहे थे।

इस सम्पूर्ण महोत्सव में ५०० जितने ब्रह्मनिष्ठ पूज्य संत और औसत ३०० जितने पूज्य सांख्ययोगी माताये आई थी। अनेक विद्वान और बड़े संत पारायण के दिन सुंदर सत्संग उद्‌बोधन द्वारा सत्संगि हरिभक्तो का सत्संग संस्कार का सुंदर रस पान कराया। अ.सौ. लक्ष्मीस्वरुपा पूज्य बड़े गादीवालाश्री आकर बहनो को दर्शन आशीर्वाद दिये। इस महोत्सव के अध्यक्ष परम पूज्य १०८ लालजी महाराजश्री व्रजेन्द्रप्रसादजी महाराजश्री समारम्भ में दीप प्रागट्य द्वारा सभा का मंगल प्रारम्भ किया गया। सभीने अलौकिक दर्शन का लाभ लिये। मंदिर २५ वे रजत जयंती पाटोत्सव अभिषेक अवसर पर प.पू.ध.धु. १००८ आचार्य श्री कोशलेन्द्रप्रसादजी महाराजश्री मंदिर में विराजमान संकल्प मूर्ति श्री घनश्याम महाराज को वेदोक्त विधिसे षोडशोपचार सहित महाअभिषेक स्वयं के हाथो द्वारा सुंदर लाभ दिये। ''श्री नरनारायण नगर'' में आकर महोत्सव की पूर्णाहुति किये। सभी को दिव्य दर्शन देकर आशीर्वाद प्रदान किये।

नारणपुरा मंदिर में बिराजमान संकल्प मूर्ति सर्वोपरी श्री घनश्याम महाराज तथा समग्र धर्मकुल के सम्पूर्ण कृपा से और बड़े पूजनीय संत और सांख्ययोगी माताओ के आशीर्वाद के फलस्वरुप इस महामहोत्सव सर्वोपरी और सभी प्रकार से सफल यादगार बन गयी। नारणपुरा मंदिर के पू. महंत शास्त्री स्वामी हरिॐप्रकाशदासजी के वक्ता पद पर श्रीमद् सत्संगीजीवन कथा अलौकिक किये थे। हजारो भक्तोने कथा सुनकर धन्य हुए।

हमारे श्री नरनारायणदेव पीठ स्थान द्वारा मनाये जाने वाले सभी उत्सवो में सर्वोपरी मनाया गया। नारणपुरा मंदिर का रजत जयंती महोत्सव भी सर्वोपरी था।

इस रजत जयंती पाटोत्सव महोत्सव में तन, मन, धन से सेवा किये। उसी प्रकार प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रुप में (टी.वी. में देखो) इस महोत्सव का दर्शन और कथा वार्ता श्रवण करके सत्संगी हरिभक्तो को यह महोत्सव आजीवन स्मरण रहेगा। जीव आत्मा का परम कल्याण हो। सभी का मनोरथ पूर्ण हो। ऐसे सर्वावतारी श्री स्वामिनारायण भगवान उसी प्रकार श्रीहरि के परम पवित्र समस्त धर्मकुल परिवार के श्री चरणो में करवद प्रार्थना के साथ सभी को श्रीहरि स्मृति सह सप्रेम जयश्री स्वामिनारायण।

श्री स्वामिनारायण मंदिर कालुपुर में अपने शहीद सैनिको के लिये श्रध्धांजलि

श्री स्वामिनारायण मंदिर कालुपुर में प.पू.ध.धु. आचार्य महारजाश्री की आज्ञा से ता. १६-२-२०१९ के दिन परमकृपालु श्री नरनारायणदेव के सानिध्य में प्रसादी सभा मंडप में प्रातः ७-३० से ८-१५ तक कश्मीर के पुलवामा में हमारे देश के ४४ जितने वीर आतंकवादी हमला में शहीद हुए। ऐसे परमवीरो को संत-हरिभक्तो द्वारा श्री स्वामिनारायण महामंत्र धुन करके श्रध्धांजलि प्रदान की गयी।

શ્રી સ્વામિનારાયણ મંદિર, નારણપુરા

રજત જયંતી મહોત્સવ

દીપ પ્રાગટ્ય

ઉદ્‌ઘાટન

રાજકીય મહાનુભાવો
ધાર્મિક મહાનુભાવો
પ્રદર્શન
પોથીયાત્રા
કથા શ્રવણ
સાંસ્કૃતિક કાર્યક્રમ

ઉદ્‌ઘાટન

આશીર્વચન

અખંડ ધૂન

વિષ્ણુયાગ સભા

શાકોત્સવ

યજ્ઞશાળા દિપ પ્રાગટ્ય

યજ્ઞશાળા

સમૂહ યજ્ઞોપવિત

સમૂહ મહાપૂજા

પ્રતિદિન ધ્વજ વંદન

સમૂહ લગ્ન

શોભાયાત્રા
બ્લડ ડોનેશન કેમ્પ
મેડિકલ કેમ્પ
મહાપ્રસાદ
લેસર શો - રોશની

कुमकुम का चाँदला

- गंगारामभाई एम. पटेल (प्रांतिज)

स्त्री का सौभाग्य चाँदला और् चुडी है । वैसे ही सत्संगी की सौभाग्य तिलक-चांदला होता है । तिलक-चांदला लक्ष्मीजी और नारायण का संयुक्त प्रतीक है । उद्र्वपुड्रं तिलक यह परमात्मा के चरण का प्रतीक है । और चाँदला लक्ष्मीजी का प्रतीक है । कई सम्प्रदाय में मात्र तिलक ही लगाते है । कई सम्प्रदाय में मात्र चाँदला ही किया जाता है । अपने स्वामिनारायण संप्रदाय में स्वामिनारायण भगवानने शिक्षापत्री में आज्ञा किये है कि सत्संगि पुरुष मात्र को चाँदला सहित उर्ध्वपुंड्र तिलक करना और सुवासिनी स्त्रियो के लिये अपने कपाल पर कुमकुम का चाँदला करना बताये है । तिलक और चाँदला सत्संगी की पहचान है ।

कंकु का चाँदला मस्तक पर धारण करने वाली स्त्री पर राधालक्ष्मी अति प्रसिन्न रहती है । तिलक और् चाँदला देखकर राधा-लक्ष्मी अपना घर मानकर सदैव निवास करती है । और घर में धन, सम्पत्ति आती है । इस लिये प्रातः स्नान के बाद तिलक और चाँदला करना चाहिए ।

श्री कृष्ण भगवानने सुदामा को तिलक-चाँदला किये तो उनके घर अकूत सम्पत्ति आ गयी ।

अम्बरीष राजा भगवान के मंदिर को स्वयं साफ करते थे । गाय के गोबर से लीपते थे । प्रत्येक सुबह गंगा स्नान करने जाते थे । तथा गंगा के किनारे वाली मिट्टी से तिलक भी करते थे ।

एक दिन सुबर के समय एक वृद्ध महिला गोबर से भरे पात्र को लेकर बैठी थी । कोई आये तो उससे उठाने के लिये कहे । ताकि सिर पर रख सके । वहाँ पर अम्बरीष राजा गंगा स्नान करके आ रहे थे । धोती और् कपाल पर तिलक देखकर माताजी कम प्रकाश में पहचान नही सकी । उन्होने समझा कोई ''भगतजी'' आ रहे है । और बोली ''भगतजी यह पात्र उठा दे ? अम्बरीष राजा खुश खुश हो गये । मेरा तिलक-चांदला देखकर माताजी ने मुझे ''भगत'' कह कर बुलाया । राजा पात्र को उठाये और माता का पता पूछ लिये । स्नान-ध्यान पूजा करके राजा राजगृह में आकर बैठ गये । तथा वृद माँ को राजकार्यालय में बुलाये और माता का सन्मान करके पाँच गाँव पुरस्कार मे दे दिये ।

माताजी को मात्र राजा अम्बरीष को भगत कहके सम्भो चित की थी । राजा खुश होकर पाँच गाँव पुरस्कार मे दे दिये । यदि भगवान के भक्त में इतनी शक्ति है तो अनंत कोटि ब्रह्माडं के अधिपति पुरुषोत्तम नारायण अपने 'भक्त' को अनंत गुना फल देकर सुखी करे उसमें क्या तकलीफ है ?

इस लिये भगवान के भक्त को परमात्मा के प्रसन्नात का प्रतीक तिलक-चाँदला कपाल में अवश्य लगाना चाहिए । सत्संगी की पहचान तिलक और चाँदला है । चांदला बिना का व्यक्ति पता विहीन पत्र है । इसलिये नौकरी जाते समय विद्यालय जाते समय चाँदला करके जाये शरमाये नही । तिलक और चांदला किसी भी कार्य में विजय और सफलता प्रदान करता है।

-: रास गरबी :-

रुडी पूनम पवित्र रणीयामणी रे, आज राखो दर्शन नुं नेम
एम नरनारायण बोलिया रे..... टेक
सुख सम्पति दणी तेणे पामशो रे,
धणुं रहेशे कुशल ने क्षेम.... अेम
खान पान धन धाम घणुं पामशो रे,
थाशे रिधि-सिध्धिनो जोग.... अेम
वली प्रीति थाशे परिब्रह्मां रे,
जाशे जन्म-मरण महारोग.... अेम
वळी मारा पूनमिया पामशे रे,
रुडां ज्ञान भक्ति ने वैराग्य.... अेम
वणी सेवी ने साचा संतने रे,
थाशे भक्त मोटा बडभाग.... अेम
धाम अक्षर तुल्य अहमदाबाद छे रे,
आज आयी अधिक नहि धाम.... अेम
पोते पूर्णानंद नो नाथजी रे,
स्वामी सहजानंद जेनुं नाम.... अेम

श्री स्वामिनारायण म्युजियम

श्री स्वामिनारायण म्युजियम के द्वार से

हमारे प्रत्येक मंदिर में ठाकुरजी के सिंहासन पर गरुडजी की मूर्ति प्रस्थापित करने की परम्परा सर्व प्रथम श्री स्वामिनारायण मंदिर कालुपुर से सम्प्रदाय में चली आ रही है। गरुड भगवान विष्णु का वाहन है। गति और शक्ति का प्रतीक है। मंदिर में दर्शन करते समय सिंहासन के अगले भाग में प्रस्थापित गरुडजी का सभी लोग दर्शन करते है। इससे जीवन में सत्संगि मनुष्य को गति और शक्ति प्रदान करता है। मूली में भी अपने मंदिर में श्री राधाकृष्ण के सिंहासन पर गुरुडजी की स्थापना उस समय अर्थात् श्री राधाकृष्णदेव की प्रतिष्ठा के साथ की गई थी । इस लिये ये गरुडजी श्रीजी समकालीन प्रसादी है। म्युजियम के होल नं. ४ में वर्तमान समय में रखा गया है।

इसके उपरांत हमारे म्युजियम में प.पू. बड़े महाराजश्री के संकल्प से यज्ञशाला बनाया गया है। जिस में प्रति रविवार श्री महाविष्णुयाग यज्ञ किया जाता है। जिस यज्ञ में बैठने का लाभ हरिभक्तो को मिला है। शायं यज्ञ की पूर्णाहुति प.पू. बड़े महाराजश्री के कर कमलो द्वार किया गया। जिसका लाभ कई हरिभक्त लिये। और लेते रहते है। आप भी इस यज्ञ में बैठने लाभ लेने की ईच्छा रखते हो तो श्री स्वामिनारायण म्युजियम की आफिस में सम्पर्क करे।

श्री स्वामिनारायण म्युजियम में श्री नरनारायण देव की मूर्ति का अभिषेक कराने वालों की नामावलि फरवरी-२०१९

